पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से मिले क्राफ्टरूट्स से जुड़े 100 से अधिक कारीगर

संस्था से जुड़े लोग स्वयं भी आत्मनिर्भर हुए हैं और अपने साथ अन्य परिवारों को भी आत्मनिर्भर बनाया

राजभवन में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कारीगरों का आगमन एक पुनीत अवसर

प्रदर्शनी में बेहतरीन कारीगरी के प्रदर्श देखने का अवसर मिला

कारीगर अपनी कला में निखार के लिए नई सम्भावनाओं और सुझावों पर भी कार्य करें

देश की ये कलाएं अपनी पीढ़ियों को सौंपे और आगे बढ़ाएं

राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 24 जनवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहाँ राजभवन में देश भर से आए 100 से अधिक कारीगरों ने भेंट की। ये कारीगर यहाँ सफेद बारादरी में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक चली ग्रामश्री एवं क्राफ्टरूट्स द्वारा आयोजित हैंडी क्राफ्ट प्रदर्शनी के लखनऊ में समापन उपरांत आगामी गन्तव्य कानपुर जाने से पूर्व श्रीमती अनार पटेल के नेतृत्व में राजभवन भ्रमण और राज्यपाल जी से मुलाकात के लिए आए थे। कुछ कारीगरों ने स्नेह और श्रद्धा के साथ राज्यपाल जी को हस्त निर्मित सामान भेंट स्वरूप प्रदान किए। राज्यपाल जी ने कारीगरों के सम्मान में स्वल्पाहार आयोजित किया। इस दौरान राज्यपाल जी ने कारीगरों से उनके व्यवसाय सम्बन्धी, कार्य में प्रगति, आर्थिक उपार्जन से सक्षमता वृद्धि की जानकारियां भी लीं।

कारीगरों से वार्ता करते हुए राज्यपाल जी ने उनकी कला और कई विलुप्त होती कलाओं के संवर्द्धन में लगे कारीगरों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि क्राफ्ट रूट्स संस्था से जुड़े लोग स्वयं भी आत्मनिर्भर हुए हैं और अपने साथ अन्य परिवारों को जोड़कर उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाया हैं। राजभवन में कारीगरों के आगमन को एक स्मरणीय अवसर बताते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ बड़े–बड़े लोग, वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूल के बच्चे, विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी आते रहे हैं। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में पहली बार कारीगरों का आगमन हुआ है। जो कि ऐतिहासिक है और एक पुनीत अवसर है।

उन्होंने क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी में लखनऊ की जनता द्वारा रूचि लेने और खरीदारी करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि प्रदर्शनी में बेहतरीन कारीगरी के प्रदर्शन को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी क्रम में उन्होंने कारीगरों को विशेष रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि कारीगर बाजार की मांग पर ध्यान दें, अपनी कला में निखार के लिए नई सम्भावनाओं और सुझावों पर भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि वे सदैव देशहित से जुड़े रहें और अपनी कला को आगामी पीढ़ियों को सिखाएं और उसे आगे बढ़ाएं।

ज्ञातव्य है कि लखनऊ के सफेद बारादरी, कैसरबाग में दिनांक 20 से 23 जनवरी, 2024 तक हस्तशिल्प संगठन क्राफ्टरूट्स द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश की राज्यपाल जी एवं मुख्यमंत्री जी ने किया था। प्रदर्शनी में देश भर के विभिन्न कोनों से 100 से अधिक कारीगरों ने अपने उत्पादों को विक्रय हेतु रखा। कारीगरों ने 80 विविध प्रकार की शिल्प कलाएं प्रदर्शित कीं, जिनमें कांच की कलाकृतियाँ, मिट्टी के बर्तन, पारम्परिक नेल पेंटिंग, मधुबनी आर्ट की कृतियाँ

बंगाल का प्रसिद्ध जामदानी वर्क की साड़ियाँ एवं कपड़े, राजस्थानी हैण्डवर्क की सिल्वर ज्वेलरी, कच्छ गुजरात से लकड़ी लूम पर बने विशेष डिजाइन के कपड़े जैसे तमाम विविध आकर्षण शामिल रहे। सभी कारीगर लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी की सफलता पर उत्साहित रहे और उन्होंने राज्यपाल जी के प्रति अपना आभार प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, संस्था की अध्यक्षता श्रीमती अनार पटेल, ट्रस्ट से जुड़े सदस्यगण उपस्थित रहे।

डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361